# भारत सरकार, रेल मंत्रालय

## रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी)

**केन्द्रीकृत रोजगार सूचना (सीईएन) नं. आरपीएफ01/2024 एवं आरपीएफ02/2024**

PUB/0178

### रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे सुरक्षा विशेष बल में सब–इंस्पेक्टर एवं कांस्टेबल की भर्ती

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आरपीएसएफ) में निम्नलिखित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। सभी दृष्टियों से पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन जमा किये जाने चाहिए।

| क्र.सं. | सीईएन नं | पद का नाम | आवेदन की प्रारंभ तिथि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आरपीएफ 01/2024 | सब–इंस्पेक्टर | 15.04.2024 | 14.05.2024 |
| 2 | आरपीएफ 02/2024 | कांस्टेबल | | |

**1.0 रिक्तियां**

| क्र सं. | सीईएन नं. | पद का नाम | 7वें सीपीसी के अनुसार वेतन स्तर | शैक्षणिक योग्यता | प्रारंभिक वेतन (₹) | चिकित्सा मानक | आयु (01.07.24 को)* | रिक्तियां | कुल संयुक्त रिक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आरपीएफ 01/2024 | सब–इंस्पेक्टर | 6 | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक | 35,400/- | B–1 | 20–28 years | 452 | 4660 |
| 2 | आरपीएफ 02/2024 | कांस्टेबल | 3 | भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण या समकक्ष | 21,700/- | B–1 | 18–28 years | 4208 | |

* इसमें कोविड–19 महामारी के कारण एक बार के उपाय के रूप में निर्धारित आयु सीमा से परे आयु में 3 वर्ष की छूट शामिल है।

- विस्तृत **सीईएन नं. आरपीएफ01/2024 एवं सीईएन नं. आरपीएफ02/2024** आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर **15.04.2024** को प्रकाशित किया जाएगा। आरआरबी आधिकारिक वेबसाइट नीचे पैरा 13.0 में दी गई हैं। ऊपर वर्णित और सीईएन में बताई गई रिक्तियां अनंतिम हैं और रेलवे प्रशासन की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर बाद के चरण में कुल या विशिष्ट इकाइयों/समुदायों/पदों में वृद्धि या कमी हो सकती है।

2.0 **आयु (01.07.2024 को):**– निर्धारित निचली/उच्च आयु सीमा (ऊपरी आयु में छूट सहित) के बारे में विवरण के लिए कृपया आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित विस्तृत सीईएन देखें।

3.0 उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक पद(दों) के लिए निर्धारित सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। **निर्धारित शैक्षिक योग्यता के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे उम्मीदवारों को आवेदन नहीं करना चाहिए।**

4.0 **शारीरिक माप (पीएमटी) मानक और चिकित्सा मानकः**– उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं उसके लिए निर्धारित पीएमटी और चिकित्सा मानक, जैसा कि आधिकारिक आरआरबी वेबसाइटों पर प्रकाशित सीईएन में बताया गया है, को पूरा करते हैं। आवेदित पद(दों) के लिए चिकित्सकीय दृष्टि से अनुपयुक्त पाए गए उम्मीदवारों को कोई वैकल्पिक नियुक्ति नहीं दी जाएगी।

5.0 **बेंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षण और उपयुक्तताः**– इन पदों की पहचान दिव्यांगजनों के लिए उपयुक्त के रूप में नहीं की गई है।

6.0 **पूर्व सैनिकों (एक्सएसएम) के लिए आरक्षणः**– अधिक जानकारी के लिए आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित होने वाले विस्तृत सीईएन देखें।

7.0 **महिलाओं के लिए आरक्षणः**– 15 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। अधिक जानकारी के लिए आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित होने वाले विस्तृत सीईएन देखें।

8.0 **एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आरक्षणः**– अधिक जानकारी के लिए आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित होने वाले विस्तृत सीईएन देखें।

9.0 **परीक्षा का मोडः**– कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के बाद शारीरिक दक्षता परीक्षण (पीईटी) और शारीरिक माप (पीएमटी)। अधिक जानकारी के लिए विस्तृत सीईएन देखें।

**10.0 परीक्षा शुल्कः–**

| क्र.सं. | उम्मीदवारों की श्रेणियां/समुदाय | शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | सभी उम्मीदवारों के लिए (क्रम संख्या 2 पर नीचे उल्लिखित श्रेणियों को छोड़कर)। ₹ 500/– के इस शुल्क में से, ₹ 400/– की राशि सीबीटी में उपस्थित होने पर लागू बैंक शुल्क काटकर वापस कर दी जाएगी। | ₹ 500/– |
| 2 | उन उम्मीदवारों के लिए जो एससी, एसटी, भूतपूर्व सैनिक, महिला, अल्पसंख्यक या आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईबीसी) से संबंधित हैं। सीबीटी में उपस्थित होने पर यह शुल्क ₹ 250/–यथा लागू बैंक शुल्क काटकर वापस कर दिया जाएगा। | ₹ 250/– |
| कृपया ध्यान दें: केवल सीबीटी में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को ऊपर लिखित उनके परीक्षा शुल्क का रिफंड मिलेगा। | | |

11.0 उम्मीदवारों को ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत सीईएन नंबर आरपीएफ01/2024 और सीईएन नंबर आरपीएफ 02/2024 की पोस्ट पैरामीटर टेबल और वैकेंसी टेबल को देखना आवश्यक है। प्रत्येक सीईएन के लिए उम्मीदवार को अलग–अलग ऑनलाइन आवेदन जमा करना चाहिए अर्थात, सीईएन नंबर आरपीएफ01/2024 और सीईएन नंबर आरपीएफ 02/2024 के लिए अलग–अलग आवेदन जमा करना चाहिए। आवेदन केवल नीचे अनुच्छेद 13 में वर्णित किसी भी आधिकारिक आरआरबी वेबसाइट के माध्यम से जमा किए जाने चाहिए। एक सीईएन के अधीन एक उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक आवेदन जमा करने के किसी भी प्रयास के परिणाम स्वरूप अयोग्यता और बहिष्कार किया जाएगा।

12.0 **पात्रताः** आवेदन में उम्मीदवारों द्वारा दिए गए विवरण के आधार पर उम्मीदवारों की पात्रता अनंतिम होगी। उम्मीदवार स्वयं को संतुष्ट कर लें कि वे पद के लिए पात्र हैं। यदि भर्ती के किसी भी चरण में या उसके बाद यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा अपने आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या उम्मीदवार ने कोई प्रासंगिक जानकारी छिपाई है या उम्मीदवार पद(दों) के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी तुरंत निरस्त कर दी जाएगी।

**13.0 उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विस्तृत सीईएन नं आरपीएफ01/2024 और सीईएन नं– आरपीएफ 02/2024 और ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए केवल नीचे उल्लिखित आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट देखें:–**

| आरआरबी | वेबसाइट पता | आरआरबी | वेबसाइट पता |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | www.rrbahmedabad.gov.in | कोलकाता | www.rrbkolkata.gov.in |
| अजमेर | www.rrbajmer.gov.in | मालदा | www.rrbmalda.gov.in |
| बेंगलुरु | www.rrbbnc.gov.in | मुंबई | www.rrbmumbai.gov.in |
| भोपाल | www.rrbbhopal.gov.in | मुजफ्फरपुर | www.rrbmuzaffarpur.gov.in |
| भुवनेश्वर | www.rrbbbs.gov.in | पटना | www.rrbpatna.gov.in |
| बिलासपुर | www.rrbbilaspur.gov.in | प्रयागराज | www.rrbald.gov.in |
| चंडीगढ़ | www.rrbcdg.gov.in | रांची | www.rrbranchi.gov.in |
| चेन्नई | www.rrbchennai.gov.in | सिकन्दराबाद | www.rrbsecunderabad.gov.in |
| गोरखपुर | www.rrbgkp.gov.in | सिलिगुड़ी | www.rrbsiliguri.gov.in |
| गुवाहाटी | www.rrbguwahati.gov.in | तिरुवनंतपुरम | www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |
| जम्मू–श्रीनगर | www.rrbjammu.nic.in | ***** | ***** |

नं– आरआरबी/एससी/विज्ञा./सीईएन आरपीएफ 01/2024 एवं आरपीएफ 02/2024

दिनांकः 02.03.2024

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी)

रो.स. 49/82

A0207